जबलपुर | मंगलवार | 24 मार्च 2026 | वर्ष 77 | अंक 60 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00 navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

1934 से


5 पीएम मोदी ने वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि


6 खुशहाली में भारत इतना पीछे क्यों?


7 जंग के बीच गोल्ड-सिल्वर की चमक फीकी


8 आईपीएल में हैदराबाद की बल्लेबाजी सबसे मजबूत

## एक नजर में




### धुरंधर 2 ने तोड़ा बॉक्स ऑफिस का ग्लोबल रिकॉर्ड

मुंबई, 23 मार्च. रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर :द रिवेंज' सिनेमा घरों में रिलीज होते ही छा गई है. फिल्म ने ओपनिंग वीकेंड पर ही ऐसे रिकॉर्ड बना दिए हैं, जो पहले किसी भारतीय फिल्म ने नहीं बनाए. जबरदस्त एक्शन, बड़े स्केल और फैंस के क्रेज की वजह से फिल्म को हर तरफ से शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है. रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म ने सिर्फ 4 दिनों में ही दुनियाभर में 761 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है. इसमें भारत से करीब 550 करोड़ रुपए और विदेशों से 211 करोड़ का कलेक्शन शामिल है. इतनी बड़ी ओपनिंग किसी भी भारतीय फिल्म के लिए अपने आप में बड़ा रिकॉर्ड है.

### प्रयागराज में कोल्ड स्टोरेज ढहने से 4 लोगों की मौत

प्रयागराज, 23 मार्च. यूपी के प्रयागराज में सोमवार को बड़ा हादसा हुआ. गंगापार के फाफामऊ इलाके में एक कोल्ड स्टोरेज ढह गया. इसके मलबे में मजदूर समेत कई लोग दब गए. सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया. इस दर्दनाक हादसे में चार लोगों की मौत हो गई जबकि 12 घायल मजदूरों का मेडिकल कॉलेज के एसआरएन और तेज बहादुर सप्रू बेली अस्पताल में इलाज चल रहा है. ये कोल्ड स्टोरेज समाजवादी पार्टी की सरकार में मंत्री रहे अंसार अहमद का बताया जा रहा है. हादसे वाली जगह पहुंचे अधिकारियों ने कोल्ड स्टोरेज के मानकों पर सवाल उठाए हैं.




### गुरुग्राम में खुला देश का पहला एलपीजी एटीएम

गुरुग्राम, 23 मार्च. सोहना क्षेत्र में सेक्टर 33 स्थित सेंट्रल पार्क फ्लावर वैली में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने देश का पहला एलपीजी एटीएम यानि गैस वेंडिंग मशीन शुरू की है. इसे भारत गैस इंस्टा एलपीजी नाम दिया गया है. यह उत्तर भारत में इस तरह का पहला स्वचालित सिस्टम है, जो 24 घंटे खुला रहता है और घरेलू गैस सिलेंडर की तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित करता है. पिछले कुछ महीनों से देशभर में एलपीजी की सप्लाई चेन में देरी, मिडिल ईस्ट में तनाव और पैनिक बुकिंग के कारण गैस सिलेंडर की कमी देखी जा रही है. कई इलाकों में उपभोक्ताओं को डिलीवरी के लिए दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है. ऐसे में गुरुग्राम में यह एलपीजी एटीएम एक बड़ी राहत लेकर आया है.

# पांच दिन के लिए रोकी जंग : ट्रंप

**वॉशिंगटन, 23 मार्च. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के पावर प्लांट्स और एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर होने वाले हमलों को फिलहाल टाल दिया है. उन्होंने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच पिछले दो दिनों से चली बातचीत के बाद यह फैसला लिया गया है.**

ट्रंप ने बताया कि रक्षा विभाग को हमले टालने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने कहा कि अगर बातचीत सफल रहती है, तो मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव को खत्म करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा सकता है.

वहीं, ईरान की फार्स न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि ट्रम्प के साथ कोई बातचीत नहीं हुई है. ट्रम्प ईरान की चेतावनी के बाद पीछे हट गए हैं. ईरान ने धमकी दी थी कि अगर उसके पावर प्लांट पर हमला हुआ तो वह जवाबी कार्रवाई करेगा. युद्ध की आग में सुलग रहे मध्य पूर्व से राहत की खबर आई है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक ताजा बयान ने दुनिया भर के बाजारों में मची खलबली को शांत कर दिया है. ट्रंप के इस रुख के बाद कच्चे तेल की कीमतों में 11 प्रतिशत की जोरदार गिरावट दर्ज की गई है, जबकि अमेरिकी शेयर बाजार में 2.25 प्रतिशत का उछाल आया है. अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल का भाव 97 डॉलर/बैरल से नीचे आ गया है.




### ट्रम्प के 'बोर्ड ऑफ पीस' में फंडिंग से पीछे हटा इंडोनेशिया, नहीं देगा 1 अरब डॉलर

जकार्ता, 23 मार्च. इंडोनेशिया 'बोर्ड ऑफ पीस' की स्थायी सदस्यता के लिए 1 अरब डॉलर नहीं देगा. यह बात राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने कही. उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर जारी वीडियो में बताया कि इंडोनेशिया ने सिर्फ शांति सैनिक भेजने की बात कही है, किसी तरह की आर्थिक मदद का वादा नहीं किया. 'बोर्ड ऑफ पीस' अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पहल माना जा रहा है, जिसका मकसद गाजा में युद्ध को रोकने के लिए अमेरिका, कतर और मिस्र के साथ मिलकर काम करना है. प्रबोवो हाल ही में इस बोर्ड की एक बैठक में शामिल हुए थे, जिसके बाद इंडोनेशिया के कुछ मुस्लिम संगठनों ने उनके रुख की आलोचना की. उन्होंने गाजा के लिए करीब 8,000 शांति सैनिक भेजने का प्रस्ताव रखा था, जिस पर भी सवाल उठे.

# होर्मुज का रास्ता रोकना नामंजूर : पीएम मोदी

- नागरिक-एनर्जी ठिकानों पर हमले का किया विरोध
- कोरोना की तरह एकजुट रहने की अपील

**नई दिल्ली, 23 मार्च. पश्चिम एशिया संघर्ष पर सोमवार को लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया. उन्होंने कहा कि इस युद्ध से दुनिया में जो मुश्किल हालात बने हैं, उनका असर लंबे समय तक रहने की संभावना है, इसलिए हमें तैयार रहना चाहिए और एकजुट रहना चाहिए. हमने कोविड के समय में एकता के साथ ऐसी चुनौतियों का सामना किया है और अब हमें फिर से तैयार रहने की जरूरत है. पीएम ने कहा कि होर्मुज का रास्ता रोकना नामंजूर है. वहीं उन्होंने नागरिक-एनर्जी ठिकानों पर हमले का विरोध किया.**



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब से जंग शुरू हुई है 3,75,000 से ज्यादा भारतीय सुरक्षित भारत लौट आए हैं. ईरान से अब तक करीब 1,000 भारतीय सुरक्षित लौट आए हैं, जिनमें से 700 से ज्यादा मेडिकल स्टूडेंट हैं. उन्होंने कहा, होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते बड़ी मात्रा में कच्चा तेल, गैस, फर्टिलाइजर और कई जरूरी चीजें भारत आती हैं. जब से जंग शुरू हुई है, होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों का आना-जाना बहुत मुश्किल हो गया है. इसके बावजूद, हमारी सरकार ने यह पक्का करने की कोशिश की है कि पेट्रोल, डीजल और गैस की सप्लाई पर ज़्यादा असर न पड़े.

### 27 की जगह अब 41 देशों से कर रहे इंपोर्ट

पीएम मोदी ने कहा कि जैसा कि हम सब जानते हैं, देश अपनी एलपीजी की जरूरत का 60 प्रतिशत इम्पोर्ट करता है. सप्लाई में अनिश्चितता के कारण, सरकार ने घरेलू एलपीजी कंज्यूमर्स को प्राथमिकता दी है. साथ ही, एलपीजी का घरेलू प्रोडक्शन भी बढ़ाया जा रहा है. यह पक्का करने के लिए भी लगातार कोशिशें की गई हैं कि देश भर में पेट्रोल और डीजल की सप्लाई ठीक-ठाक बनी हुई है. उन्होंने कहा कि सरकार की कोशिश है कि देश में तेल-गैस संकट न हो. इसके लिए 27 की जगह अब 41 देशों से इंपोर्ट कर रहे हैं.

## सीएम आज भांडेर में किसान सम्मेलन में होंगे शामिल

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 23 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दतिया जिले के भांडेर में मंगलवार 24 मार्च को मण्डी प्रांगण में किसान सम्मेलन में शामिल होंगे.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव दतिया जिले में 62 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण करेंगे. साथ ही विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का अवलोकन और शासन की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं का हितलाभ भी वितरित करेंगे.



मुख्यमंत्री डॉ. यादव दतिया जिले के पीजी कॉलेज दतिया में विज्ञान संकाय भवन व केंटीन का निर्माण कार्य, माता रतनगढ़ समग्र विकास योजना में यात्री निवास भवन निर्माण कार्य और पुलिस लाइन परिसर में रक्षित निरीक्षक कार्यालय का निर्माण कार्य एवं रामगढ़ माता मंदिर के पास विश्राम गृह निर्माण कार्यों का लोकार्पण करेंगे.

## एयरपोर्ट पर प्लेन और ट्रक की टक्कर में दो पायलट की मौत

**न्यूयॉर्क, 23 मार्च. अमेरिका के न्यूयॉर्क के लागार्डिया एयरपोर्ट पर एयर कनाडा एक्सप्रेस का एक विमान रनवे पर ही मौजूद एक ग्राउंड वाहन (ट्रक) से टकरा गया, जिसके बाद विमानों का संचालन अस्थायी रूप से बंद हो गया. इस बड़े हादसे में 1 से अधिक यात्री घायल हो गए जबकि विमान के दोनों पायलट की दुखद मौत हो गई है. हादसे के बाद सभी उड़ानों पर पूरी तरह से ग्राउंड स्टॉप लागू कर दिया गया.**

शुरुआती जानकारी और फ्लाइट-ट्रैकिंग डाटा के मुताबिक, एयर कनाडा एक्सप्रेस का मॉन्ट्रियल से आने वाला एयरक्राफ्ट सीआरजे-900 एयरक्राफ्ट रनवे 4 पर लैंडिंग के दौरान एक फायर ट्रक से टकरा गया. घटना का ऑडियो और वीडियो वायरल हो रहा है. इसके अनुसार, एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने टक्कर होने से कुछ देर पहले फ्लाइट क्रू और ग्राउंड गाड़ी दोनों को बार-बार रुकने का निर्देश दिया था.

# कमर्शियल सिलेंडर पर कोटा सिस्टम लागू

### होटल, रेस्टोरेंट, केटर्स को 9-9 और ढाबा, स्ट्रीट वेंडर को 7 फीसदी मिलेंगे सिलेंडर

कन्हैया लोधी

**भोपाल, 23 मार्च. अमेरिका, इजरायल के साथ ईरान के साथ युद्ध के चलते देश में एलपीजी की आवक प्रभावित हो रही है.**

**लिहाजा अब राज्य सरकार ने भी इस मामले में सावधानी बरतना शुरू कर दिया है. इस क्रम में राज्य सरकार ने सोमवार से ही प्रदेश में कमर्शियल गैस सिलेंडर पर कोटा सिस्टम लागू कर दिया है.**

राज्य सरकार ने इसके लिए प्राथमिकता क्रम तय कर दिया है कि किसे कितना सिलेंडर मिलेगा. इस संबंध में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता सुरक्षण विभाग ने सभी कलेक्टरों को पत्र लिखा है और नई व्यवस्था के हिसाब से कमर्शियल एलपीजी के आवंटन की व्यवस्था तय करने के निर्देश दिए हैं.

> नई व्यवस्था में कमर्शियल एलपीजी के मौजूदा खपत और आवश्यक सेवाओं की आवश्यकता को देखते हुए कमर्शियल एलपीजी की की आवंटन के लिए जो प्राथमिकता क्रम तय किया गया है, उसमें शैक्षणिक संस्थाओं और चिकित्सा संस्थानों को सबसे ऊपरी क्रम में रखा गया है, इन संस्थाओं को 30 फीसदी आवंटन मिलेगा, वहीं होटल, रेस्टोरेंट और ढाबा के साथ स्ट्रीट वेंडर को भी कमर्शियल सिलेंडर मिले, इसका भी ध्यान रखा गया है, जिससे कि उनका काम प्रभावित नहीं हो, और उन्हें अपने व्यवसाय के संचालन के लिए सिलेंडर मिल सके. नई व्यवस्था के मुताबिक होटल वालों को 9 फीसदी, रेस्टोरेंट और केटर्स को भी 9 फीसदी और ढाबा, स्ट्रीट वेंडर को 7 फीसदी कमर्शियल सिलेंडर मिलेगा.

## ओबीसी आरक्षण मामला : दस्तावेज दायर करने 15 अप्रैल तक का समय

### 2 अप्रैल को होगी अगली सुनवाई

**जबलपुर, 23 मार्च. सर्वोच्च न्यायालय ने मध्य प्रदेश में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण के संबंधित दायर एसएलपी को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट वापस भेजते हुए सुनवाई के निर्देश दिए थे.**

ओबीसी आरक्षण के पक्ष तथा विपक्ष में दायर याचिका की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ के द्वारा की गई. याचिका की सुनवाई करते हुए युगलपीठ ने दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं को निर्देशित किया है कि याचिका संबंधित दस्तावेज 15 अप्रैल के पूर्व हाईकोर्ट दायर करें. याचिका पर अगली सुनवाई 2 अप्रैल को निर्धारित की गई है. प्रदेश में ओबीसी आरक्षण 27 प्रतिशत किए जाने के पक्ष तथा विपक्ष में हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी. याचिका की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कुछ याचिकाओं की सुनवाई करते हुए ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने पर रोक लगा दी थी.

## ज्यूडिशियरी की सख्ती से कैदियों की हालत चिंताजनक : भुइयां


**नई दिल्ली, 23 मार्च.** सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने बेंगलुरु में आयोजित सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की पहली नेशनल समिट में ज्यूडिशियरी के सख्त रवैये पर चिंता जाहिर की. उन्होंने कहा कि कुछ हिस्से 'मोर लॉयल देन द किंग सिंड्रोम' से ग्रस्त हैं. इसके कारण कई लोग लंबी अवधि के लिए जेलों में सड़ने को मजबूर हैं. जस्टिस भुइयां ने न्यायपालिका की भूमिका पर प्रश्न उठाते हुए कहा कि न्यायपालिका को राजनीतिक नारों से अलग रहना चाहिए.

**केंद्र की रणनीति** | भारतीय राजनीति और संसदीय इतिहास में ऐतिहासिक बदलाव की तैयारी

# महिला आरक्षण बिल के लिए फॉर्मूला तैयार

**नई दिल्ली, 23 मार्च. भारतीय राजनीति और संसदीय इतिहास में ऐतिहासिक बदलाव होने जा रहा है. केंद्र सरकार ने 2029 के आम चुनावों से पहले महिला आरक्षण कानून (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) को पूरी तरह से जमीन पर उतारने की तैयारी कर ली है.**

संसद में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए सरकार ने एक बेहद खास 50+33 का फॉर्मूला तैयार किया है. सूत्रों के मुताबिक, इसी चालू संसद सत्र में इस अहम संशोधन बिल को पेश किया जाएगा.




**273 सीटें महिलाओं के लिए:** वर्तमान में लोकसभा में 543 सीटें हैं. नए प्रस्ताव के तहत 50 प्रतिशत वृद्धि के बाद यह संख्या बढ़कर लगभग 816 हो जाएगी. इन 816 सीटों में से एक तिहाई यानी करीब 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी. सबसे खास बात यह है कि इस पूरी प्रक्रिया के लिए अब अगली जनगणना का इंतजार नहीं किया जाएगा, बल्कि 2011 की जनगणना के आधार पर ही परिसीमन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी. साल 2029 का लोकसभा चुनाव पूरी तरह से इसी नए बिल और नई परिसीमन व्यवस्था के आधार पर लड़ा जाएगा.

### क्या है सरकार का '50+33% का नया फॉर्मूला?

- इस नए संशोधन बिल का दिलचस्प हिस्सा इसका 50+33 फॉर्मूला है.
- परिसीमन के जरिए लोकसभा की मौजूदा सीटों में 50 प्रतिशत की भारी वृद्धि की जाएगी.
- इसके बाद जो सीटें बनेंगी, उनमें से 33 प्रतिशत सीटें सीधे तौर पर महिलाओं के लिए आरक्षित कर दी जाएंगी.

